पत्रांक : BSEB(SS)/KEN/--1258---/ 2023

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

प्रेषक,

परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक : ...14... / ...12.. / 2023

**विषयः—माह दिसम्बर, 2023 में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मासिक परीक्षा आयोजित करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि शिक्षा विभाग के पत्रांक 527 दिनांक 02.08.2023 द्वारा राज्य के माध्यमिक/उच्च विद्यालयों के 11वीं एवं 12वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मासिक/त्रैमासिक परीक्षा आयोजित किए जाने का निर्णय संसूचित है। मासिक/त्रैमासिक परीक्षा +2 विद्यालय/महाविद्यालय के स्तर पर संचालित होगी।

2. 11वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए माह दिसम्बर, 2023 की मासिक परीक्षा दिनांक **26.12.2023 से 04.01.2024** तक आयोजित होगी।

3. राज्य के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो, इसके लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों का सतत एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए। इस उद्देश्य से माह दिसम्बर, 2023 की मासिक परीक्षा में सभी विद्यार्थियों का शामिल होना अनिवार्य है।

4. मासिक परीक्षा के अन्तर्गत सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा आयोजन हेतु गोपनीय एजेंसी द्वारा दिनांक **18.12.2023 से 21.12.2023** तक की अवधि में गोपनीय प्रश्न—पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में प्राप्त कराया जाना संभावित है। इसलिए यह आवश्यक है कि गोपनीय मुद्रक के प्रतिनिधि द्वारा आपूरित प्रश्न—पत्र आपके कार्यालय के द्वारा प्राप्त कर एजेंसी प्रतिनिधि को प्राप्ति रसीद दे दिया जाए तथा प्रश्न—पत्र को अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखवा लिया जाए।

5. आपूरित गोपनीय सामग्री को दिनांक **21.12.2023** तक अपने जिलान्तर्गत सभी मान्यता प्राप्त +2 स्तर के शिक्षण संस्थानों के प्रधान अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को अनिवार्य रूप से प्राप्त कराने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक कार्रवाई ससमय कराया जाए। साथ ही शिक्षण संस्थान के प्रधान/उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को अपने स्तर से स्पष्ट निदेश दिया जाए कि किसी भी परिस्थिति में इसकी गोपनीयता भंग न हो पाए। गोपनीय सामग्रियों के सुरक्षित संधारण की सम्पूर्ण जवाबदेही शिक्षण संस्थान के प्रधान की होगी।

6. शिक्षण संस्थान के प्रधान जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से **दिनांक 21.12.2023** तक अचूक रूप से स्वयं अथवा विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्रश्न—पत्र प्राप्त करेंगे तथा मासिक परीक्षा से संबंधित सूचना विद्यालय/महाविद्यालय के सूचनापट्ट एवं वर्ग शिक्षक के माध्यम से भी अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। इस संबंधित विस्तृत दिशा निदेश विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 439/2023 के माध्यम से दिनांक 14.12.2023 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित है, जिसकी प्रति आपको ई०मेल० पर भेजी गई है।

7. वर्णित परिदृश्य में अनुरोध है कि सभी संबंधित शिक्षण संस्थानों के प्रधान को माह दिसम्बर, 2023 का मासिक परीक्षा संचालित कराकर उसकी परीक्षाफल दिनांक 08.01.2024 तक तैयार करने हेतु दैनिक वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्पष्ट रूप से निदेशित करने की कृपा की जाय तथा विज्ञापन की प्रति अपने अग्रसारण पत्र के द्वारा उपलब्ध कराया जाए।

विश्वासभाजन

ह० 14.12.23

परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०),
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक-3255 लखीसराय दिनांक-15-12-23
प्रतिलिपि- सभी माध्यमिक/+2 विद्यालय एवं महाविद्यालय के प्रधान, जिला- लखीसराय को सूचनार्थ एवं संदर्भित पत्र में दिये गये निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि- जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक, लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/12/23

जिला शिक्षा पदाधिकारी
लखीसराय

Letter Exam 2022 SEP.docx517

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 539/2023

**माह दिसम्बर, 2023 में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मासिक परीक्षा आयोजित करने के संबंध में आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्रधान, अध्ययनरत विद्यार्थी, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0 शि0) तथा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि शिक्षा विभाग के पत्रांक 527 दिनांक 02.08.2023 द्वारा राज्य के माध्यमिक/उच्च विद्यालयों के 11वीं एवं 12वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मासिक/त्रैमासिक परीक्षा आयोजित किए जाने का निर्णय संसूचित है। मासिक/त्रैमासिक परीक्षा +2 विद्यालय/महाविद्यालय के स्तर पर संचालित होगी।

2. 11वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए माह दिसम्बर, 2023 की मासिक परीक्षा दिनांक **26.12.2023** से **04.01.2024** तक आयोजित होगी। परीक्षा का कार्यक्रम कंडिका–7 में अंकित है।

3. राज्य के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो, इसके लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों का सतत एव व्यापक मूल्यांकन किया जाए। इस उद्देश्य से माह दिसम्बर, 2023 की मासिक परीक्षा में सभी विद्यार्थियों का शामिल होना अनिवार्य है।

4. मासिक परीक्षा के अन्तर्गत सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा आयोजन हेतु गोपनीय एजेंसी द्वारा दिनांक **18.12.2023** से **21.12.2023** तक की अवधि में गोपनीय प्रश्न–पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में प्राप्त कराया जाना संभावित है। इसलिए यह आवश्यक है कि गोपनीय मुद्रक के प्रतिनिधि द्वारा आपूरित प्रश्न–पत्र जिला शिक्षा पदधिकारी कार्यालय के द्वारा प्राप्त कर एजेंसी प्रतिनिधि को प्राप्ति रसीद दे दिया जाए तथा प्रश्न–पत्र को जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखवा लिया जाए।

5. जिला शिक्षा पदाधिकारी आपूरित गोपनीय सामग्री को दिनांक **21.12.2023** तक अपने जिलान्तर्गत सभी मान्यता प्राप्त +2 स्तर के शिक्षण संस्थानों के प्रधान अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को अनिवार्य रूप से प्राप्त कराने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक कार्रवाई ससमय कराना सुनिश्चित कराएँगें। साथ ही शिक्षण संस्थान के प्रधान/उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को अपने स्तर से स्पष्ट निदेश देंगे कि किसी भी परिस्थिति में इसकी गोपनीयता भंग न हो पाए। गोपनीय सामग्रियों के सुरक्षित संधारण की सम्पूर्ण जवाबदेही शिक्षण संस्थान के प्रधान की होगी।

6. शिक्षण संस्थान के प्रधान का यह दायित्व होगा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से दिनांक **21.12.2023** तक अचूक रूप से स्वयं अथवा विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्रश्न–पत्र प्राप्त करेंगे तथा मासिक परीक्षा से संबंधित सूचना विद्यालय/महाविद्यालय के सूचनापट्ट एवं वर्ग शिक्षक के माध्यम से भी अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

7. माह दिसम्बर, 2023 के 11वीं की मासिक परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत है:–

**Programme**

**Intermediate Monthly Examination (Theory), 2023**

**Month - December** (For Class XI )

| Date of Examination | Faculty | 1st Sitting (01.30 PM-03.00 PM) | Faculty | 2nd Sitting (03.30PM - 05.00 PM) |
|---|---|---|---|---|
| 26-12-2023 (Tuesday) | I.Sc | 117- Physics | I.Sc | 118- Chemistry |
| | I.Com. | 218- Entrepreneurship | I.Com. | 220- Accountancy |
| | I.A. | 320- Philosophy | I.A. | 322- Political Science |
| 27-12-2023 (Wednesday) | I.Sc | 121- Mathematics | I.Sc. | 119- Biology |
| | I.A. | 327- Mathematics | I.Com. | 217- Business Studies |
| | | | I.A. | 323- Geography |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28-12-2023 (Thursday) | I.Sc | 105- English | उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा इस भाषा विषय का चयन अनिवार्य विषय समूह के अन्तर्गत किया गया है। | I.Sc. | 106-Hindi | उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा इस भाषा विषय का चयन अनिवार्य विषय समूह के अन्तर्गत किया गया है। |
| | I.Com | 205- English | | I.Com | 206-Hindi | |
| | I.A. | 305- English | | I.A. | 306-Hindi | |
| 29-12-2023 (Friday) | I.Sc | 107- Urdu, 108- Maithili, 109- Sanskrit, 110- Prakrit, 111- Magahi, 112- Bhojpuri, 113- Arabic, 114- Persian, 115- Pali, 116- Bangla | उन परीक्षार्थियो के लिए जिनके द्वारा इन भाषा विषयों मे से किसी एक विषय का चयन अनिवार्य विषय समूह के अन्तर्गत किया गया है। | I.A. | 324- Psychology | |
| | I.Com | 207- Urdu, 208- Maithili, 209- Sanskrit, 210- Prakrit, 211- Magahi, 212- Bhojpuri, 213- Arabic, 214- Persian, 215- Pali, 216- Bangla | | | | |
| | I.A. | 307- Urdu, 308- Maithili, 309- Sanskrit, 310- Prakrit, 311- Magahi, 312- Bhojpuri, 313- Arabic, 314- Persian, 315- Pali, 316- Bangla | | | | |
| 02-01-2024 (Tuesday) | I.A. | 321- History | | I.A. | 318- Music | |
| 03-01-2024 (Wednesday) | I.Sc | 120- Agriculture | | I.A. | 325- Sociology | |
| | I.Com | 219-Economics | | | | |
| | I.A. | 326- Economics | | | | |
| 04-01-2024 (Thursday) | I.A. | 319- Home Science | | | xxx | |

8. शैक्षणिक सत्र 2023–24 में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए निर्देश है कि निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार माह दिसम्बर, 2023 की मासिक परीक्षा में निश्चित रूप से सम्मिलित होंगे।

9. सभी मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान से अनुरोध है कि उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार अपने शिक्षण संस्थान से मासिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों की मासिक परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम निम्नांकित प्रारूप में दिनांक **08.01.2024** तक अनिवार्य रूप से तैयार करना/कराना सुनिश्चित करेंगे।

11वीं के माह दिसम्बर, 2023 की मासिक परीक्षा, 2023 का प्राप्तांक प्रविष्टि प्रारूप –

**+2 School/College code:-**
**+2 School/College Name:-**

| Roll No | Class | Student's Name Mother's Name Father's Name | M/F | Compulsory Subjects | | | | Elective Subjects | | | | | | | | | Aggregate & Result | Result |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Marks Obtained | | | | Marks Obtained | | | | | | | | | | |
| | | | | Subject-1 | Marks | Subject-2 | Marks | Subject-1 | Theory | Marks | Subject-2 | Theory | Marks | Subject -3 | Theory | Marks | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

10. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है अपने जिला अवस्थित शिक्षण संस्थानों के प्रधान की बैठक आहूत कर उन्हें मासिक परीक्षा आयोजित करने तथा परीक्षा परिणाम दिनांक **08.01.2024** तक तैयार करने के संबंध में निदेशित करेंगे। मासिक परीक्षा के आयोजन के समय किसी शिक्षण संस्थान की मान्यता निलंबित/रद्द की गई हो तथा परीक्षा के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी किसी निकट के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से निलम्बित/रद्द वाले महाविद्यालय/+2 विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बद्ध कर मासिक परीक्षा में सम्मिलित कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

13.12.23

**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।
पटना, दिनांक :– ...13..../.12../2023

ज्ञापांक :– BSEB(SS)/KEN/.1255./2023

प्रतिलिपिः 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित। यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी +2 विद्यालय/महाविद्यालयों को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसकी सूचना विद्यालय प्रधान एवं संबधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाए। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तदनुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

2. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को वर्णित आलोक में सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अधीनस्थ सभी विद्यालयों के प्रधान को मासिक परीक्षा आयोजित करने के संबंध में स्पष्ट रूप से निदेशित करने की कृपा की जाए।

3. उप निदेशक, आई०टी०/सिस्टम एनालिस्ट (उ०मा०) को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अपने निगरानी एवं पर्यवेक्षण में उक्त के आलोक में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाए। यह भी अनुरोध है कि विद्यार्थियों, मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय/महाविद्यालयों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा०शि०), जिला शिक्षा पदाधिकारी की जानकारी हेतु इस विज्ञप्ति की प्रति को समिति के वेबसाईट एवं निर्दिष्ट BSEB Mobile App पर डाल दिया जाए ताकि सभी संबंधितों द्वारा अपने स्तर पर इस निमित्त आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

उनसे यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी +2 विद्यालय/महाविद्यालयों को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसकी सूचना +2 विद्यालय/महाविद्यालयों प्रधान एवं संबधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाएगी। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तदनुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए जन संपर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

4. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी, निदेशक, आई०टी० तथा परीक्षा नियंत्रक (मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

13.12.23

**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०),**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक- 3256, लखीसराय दिनांक - 15.12.23

13/12/23

प्रतिलिपि - सभी +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान - जिला लखीसराय को सूचनार्थ एवं संलग्न विज्ञप्ति में वर्णित निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि - जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मा० शि०, लखीसराय को सूचनार्थ एवं संलग्न विज्ञप्ति के आलोक में आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/12/23

जिला शिक्षा पदाधिकारी
लखीसराय



Scanned with OKEN Scanner